# प्रसार भारती

## भारतीय प्रसारण निगम

## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

### 03.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945 बजे

**मुख्य समाचार**

- प्रदेश में शहरी निकाय चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की कल होगी जांच– 17 मई को होगा मतदान।
- भाजपा ने कहा– चुनाव के दौरान पार्टी के दिशा निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कांग्रेस पर महिला विरोधी होने और उनका हक छीनने का लगाया आरोप।
- स्वास्थ्य मंत्रालय ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम सहित बच्चों में मधुमेह को लेकर जारी किए दिशा निर्देश।
- प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड कल घोषित करेगा 12वीं का परीक्षा परिणाम।

**नामांकन जांच**

प्रदेश के 51 शहरी निकायों में चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की जांच कल 4 मई को की जाएगी। निर्वाचन आयोग ने इसे लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। आयोग के अनुसार इन चुनावों के लिए प्रदेश में एक हज़ार 4 सौ 26 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दाखिल किए हैं। कांगड़ा ज़िले में सबसे अधिक 2 सौ 69 जबकि मण्डी ज़िले में 2 सौ 14 उम्मीदवारों ने नामांकन भरे हैं। उम्मीदवार 6 मई तक नाम वापस ले सकेंगे और इसी दिन चुनाव चिन्ह आबंटित किए जाएंगे। मतदान 17 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच होगा। शहरी निकाय चुनावों के साथ ही प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव की सरगर्मियां भी तेज़ हो गई हैं।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि नगर निकाय और पंचायत चुनावों के दौरान पार्टी के दिशा निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनावों की निगरानी व अनुशासन बनाए रखने के लिए भाजपा प्रदेश नेतृत्व द्वारा एक विशेष अनुशासन समिति गठित की गई है। ये समिति किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की अनुशंसा करेगी। बिंदल ने कहा कि भाजपा इन चुनावों में पूरी मज़बूती व एकजुटता के साथ उतर रही है और कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है।

**भाजपा**

प्रदेश भाजपा पंचायती राज व नगर निकाय चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक आज शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय में हुई। पार्टी उपाध्यक्ष व विधायक विपिन परमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में नगर निगम व नगर निकाय चुनाव तैयारियों की व्यापक समीक्षा की गई। परमार ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जनता को झूठे वायदों से ठगा है और अब जनता उन्हें इन चुनावों में जवाब देने के लिए तैयार है। इन चुनावों को विधानसभा चुनाव का सैमी फाइनल बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता में कांग्रेस सरकार के खिलाफ गहरा आक्रोश है।

**अनुराग शर्मा**

राज्यसभा सांसद व कांगड़ा ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने प्रदेश में हो रहे नगर निगम चुनावों में कांग्रेस पार्टी की जीत का दावा किया है। धर्मशाला में आज पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि कांग्रेस

प्रदेश में मज़बूती से चुनाव लड़ रही है। पालमपुर और धर्मशाला नगर निगम चुनावों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हर वार्ड में उम्मीदवार उतारे हैं जिनमें नए चेहरों, युवाओं और अनुभवी नेताओं का संतुलन रखा गया है।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कांग्रेस पर महिलाओं को हक देने के बजाय उनका हक छीनने का आरोप लगाया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सम्मान निधि के नाम पर महिलाओं को सम्मान देने वाली योजनाएं बंद की हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी ने 18 से 69 साल की महिलाओं को हर महीने 15 सौ रूपए देने की गारंटी दी थी लेकिन उसे पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति अपने इस अपमान को कभी नहीं सहेगी और इसका खामियाजा कांग्रेस को आने वाले समय में भुगतना पड़ेगा।

**दुर्घटना**

कांगड़ा ज़िले के नूरपुर क्षेत्र में आज एक निजी बस के अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटने से 26 यात्री घायल हो गए। घायलों में 3 लोगों की हालत गम्भीर बताई जा रही है जिनका टांडा मैडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू और सांसद अनुराग ठाकुर ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। इस बीच शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आनी में कल शाम हुई सड़क दुर्घटना में घायल दो अध्यापिकाओं का आज आई.जी.एम.सी. शिमला में कुशलक्षेम जाना। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को घायलों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। कुल्लू पीपुल्ज़ ऐसोसिएशन शिमला के अध्यक्ष ने एक प्रेस बयान जारी कर कल हुई दुर्घटना पर दुख जताया है।

**दिशा–निर्देश**

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के दूसरे चरण के दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इसमें गैर–संक्रामक रोगों, मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों और व्यवहार संबंधी चिंताओं सहित आधुनिक स्वास्थ्य चुनौतियों को शामिल किया गया है। इसमें जन्म से लेकर 18 वर्ष की आयु तक के बच्चों के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए अधिक व्यापक और जीवनचक्र आधारित दृष्टिकोण अपनाया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार दिशा–निर्देशों का जारी किया जाना प्रत्येक बच्चे के लिए सुलभ, समान और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस बीच, केन्द्र सरकार ने बच्चों में मधुमेह को लेकर भी दिशा–निर्देश जारी किए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि यह दिशानिर्देश पहली बार बचपन में मधुमेह की जांच, निदान, उपचार और दीर्घकालिक प्रबंधन के लिए एक मानकीकृत राष्ट्रीय ढांचा उपलब्ध कराता है।

**परिणाम**

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड कल 4 मई को सुबह 11 बजे बारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित करेगा। बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर राजेश शर्मा ने बताया कि इस बार 81 हज़ार 4 सौ 11 विद्यार्थियों ने ये परीक्षा दी है। उन्होंने कहा कि बोर्ड ने परीक्षा परिणाम घोषित करने की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और ये परिणाम पूरी तरह से डिजिटल माध्यम से उपलब्ध होगा। छात्र बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर रोल नंबर डाल कर तुरंत अपना स्कोर कार्ड देख सकेंगे।

इस बीच, स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सी.बी.एस.ई. सब कैडर स्क्रीनिंग टैस्ट 2026 के परिणाम घोषित कर दिए हैं। चयन प्रक्रिया पारदर्शी बनाए रखने के लिए परिणाम सहित अंतिम उत्तर कुंजी भी बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर उपलब्ध है।

**स्पष्टीकरण**

स्वास्थ्य विभाग ने शिमला ज़िला के रामपुर स्थित खनेरी अस्पताल के नर्सिंग छात्रावास में टी.बी. मामलों से जुड़ी खबरों को भ्रामक बताया है। विभाग ने स्पष्ट किया कि नर्सिंग छात्रावास में केवल 2 छात्राएं टी.बी. पॉज़िटिव पाई गईं थीं जिनका समय पर उपचार शुरू किया गया। इनमें से एक छात्रा पूरी तरह स्वस्थ है जबकि दूसरी छात्रा नियमित इलाज पर है। विभाग ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और केवल आधिकारिक व प्रमाणिक जानकारी पर ही विश्वास करने की अपील की है।

**मौसम**

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज वर्षा व ओलावृष्टि हुई है। मौसम के इस मिजाज़ से तापमान में गिरावट आई है। सुबह के समय कई स्थानों पर तेज़ हवाएं चलने से जनजीवन प्रभावित हुआ। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान भी प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश, ओलावृष्टि और अंधड़–तूफान की चेतावनी जारी की है। अधिक ब्यौरे के साथ ये रिपोर्ट......

***मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश, ओलावृष्टि और अंधड़–तूफान की चेतावनी जारी की है जिसके लिए कल 4 मई को प्रदेश के 5 जिलों सोलन ,सिरमौर, कुल्लू, मंडी और शिमला में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है 5 मई तक प्रदेश में मौसम खराब बने रहने के अनुमान है। IMD के अनुसार, 2 मई से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय' हो गया है, जिसका असर 5 मई तक रहेगा। इस दौरान '40–50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं, बिजली गिरने और ओलों' के साथ बारिश होगी। ऊंचाई वाले इलाकों लाहौल–स्पीति, किन्नौर, चंबा, कुल्लू और शिमला के ऊपरी क्षेत्रों में 'हल्की से मध्यम बर्फबारी' भी हो सकती आकाशवाणी समाचार के लिए शिमला से योगराज शर्मा......***

**अग्नि सुरक्षा सप्ताह**

केन्द्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों, संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के सहयोग से कल से अखिल भारतीय 'अग्नि सुरक्षा सप्ताह' मनाएगा। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य केंद्रों में अग्नि संबंधी खतरों की रोकथाम और निवारण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

**निर्विरोध पंचायत**

सिरमौर ज़िले में गिरिपार क्षेत्र की टटियाणा पंचायत में लगातार दूसरी बार सभी जन प्रतिनिधि सर्वसम्मति से चुने गए हैं। इस पंचायत में प्रधान पद के लिए पूनम शर्मा, उपप्रधान पद के लिए दाता राम शर्मा, बी.डी.सी. सदस्य के लिए प्रियंका शर्मा के नाम पर सहमति बनी है। सर्वसम्मति से उपप्रधान चुने गए दाता राम शर्मा ने बताया कि सभी पदाधिकारी लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे और पंचायत के विकास को नई गति देने की कोशिश की जाएगी।

**विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस**

आज विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस है। यह प्रेस की स्वतंत्रता पहलों को प्रोत्साहित करने और विकसित करने सहित विश्व स्तर पर प्रेस की स्वतंत्रता की स्थिति का आकलन करने का अवसर है। इस वर्ष का विषय–शांतिपूर्ण भविष्य का निर्माण है। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की घोषणा संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1993 में यूनेस्को के 1991 में 26वें महासभा सम्मेलन में अपनाई गई एक सिफारिश के बाद की गई थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने मीडिया कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय पत्रकारिता ने हमेशा समय की चुनौतियों के बीच खड़े होकर सच की आवाज़ बुलंद की है। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने भी मीडिया जगत से जुड़े लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- प्रदेश में शहरी निकाय चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की कल होगी जांच– 17 मई को होगा मतदान।
- भाजपा ने कहा– चुनाव के दौरान पार्टी के दिशा निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कांग्रेस पर महिला विरोधी होने और उनका हक छीनने का लगाया आरोप।
- स्वास्थ्य मंत्रालय ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम सहित बच्चों में मधुमेह को लेकर जारी किए दिशा निर्देश।
- प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड कल घोषित करेगा 12वीं का परीक्षा परिणाम।